दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 97
मुरादाबाद
27 July 2025
(Sunday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

कारगिल विजय दिवस : सीएम योगी ने शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि, बोले- ये दिन हमारी सेना के शौर्य का प्रतीक

कारगिल विजय दिवस 2025 के अवसर पर लखनऊ की कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी

और उनके परिजनों को सम्मानित किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। इस दिन भारत ने ऑपरेशन विजय को पूर्ण करते हुए पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। ये दिन भारत

सीएम योगी ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पहले सत्र का किया शुभारंभ, बोले- पहले प्रदेश में था अराजकता का माहौल

की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया।कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी जहां का तापमान माइनस 50 डिग्री होता है। इस बेहद चुनौतीपूर्ण हालात में भी हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान के कायरों को धूल चटा दी। उस समय पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अमेरिका गए और भारत पर दबाव डालने की कोशिश पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अमेरिका हो या दुनिया की कोई भी ताकत भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा और अंत में पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करना पड़ा और घुसपैठियों को भागना पड़ा। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के नए सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने बिना नाम लिए सपा पर निशाना साधा और कहा कि आठ साल पहले प्रदेश में अराजकता थी, जबकि उनकी सरकार में 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया है। उन्नाव जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पहले सत्र का बटन दबाकर शुभारंभ किया। उन्होंने नाम लिए बिना सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज से आठ साल पहले प्रदेश में अराजकता का माहौल रहता था। महिलाएं, व्यापारी कोई भी सुरक्षित नहीं था।इसके चलते प्रदेश में निवेश भी ठप हो गया था। इधर, भाजपा सरकार में पिछले आठ साल में 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया है। इसमें 1.1 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उन्होंने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को आधुनिकता और संस्कारयुक्त शिक्षा दें।

संक्षिप्त समाचार

राहुल गांधी के ओबीसी वाले बयान पर हमलावर हुई भाजपा, कहा- उन्हें बहुत देर से समझ आता है

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा ओबीसी वर्ग को लेकर दिए गए बयान पर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा और बीआरएस ने राहुल गांधी के बयान को लेकर निशाना साधा है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओबीसी वर्ग को लेकर बड़ा बयान दिया था। राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को जिस तरह से इस वर्ग के हितों की रक्षा करनी थी, वह कार्य उस प्रकार से नहीं हुआ। राहुल के इस बयान पर भाजपा समेत अन्य दलों ने निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, राहुल जी को बहुत देर से समझ आती है। पहले उन्होंने इमरजेंसी के लिए माफी मांगी। फिर उन्होंने सिख दंगों के लिए माफी मांगी। फिर उन्होंने ओबीसी से माफी मांगी। कांग्रेस ने ओबीसी के लिए क्या किया? कांग्रेस ने ओबीसी को हर संभव कुचलने का काम किया। उन्होंने राफेल मामले में भी माफी मांगी और अब राहुल गांधी जो कर रहे हैं, उसके लिए वह दस साल बाद फिर माफी मांगेंगे।

आतंकी संचार - नशे की समस्या से निपटने की तैयारी, राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक में शाह ने दिए अहम निर्देश

गृह मंत्री ने आतंकवादी और तस्करी गतिविधियों में शामिल भगोड़ों को वापस लाने के लिए कड़े उपाय करने के भी निर्देश दिए, जिसमें केंद्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने, आतंकवाद-अपराधी के घरेलू गठजोड़ को तोड़ने के निर्देश दिए।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवादी समूहों द्वारा एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों का इस्तेमाल करने पर चिंता जताई और साथ ही इस समस्या से निपटने के लिए एक विशेष मंच स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि आतंकी संगठनों के सोशल मीडिया के जरिए खुफिया संचार पर लगाम कसी जा सके। गृह मंत्री ने भगोड़ों को वापस लाने के लिए भी एक मजबूत तंत्र और बेहतर समन्वय स्थापित करने की अपील की।गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 8वें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में ये बातें कही। इस सम्मेलन में देशभर से 800 के करीब अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें से कुछ भौतिक तो कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन के पहले दिन राष्ट्र के हितों के खिलाफ रहने वाले बाहरी तत्वों की भूमिका और मादक पदार्थों के व्यापार में उनकी संलिप्तता सहित उनके घरेलू संबंधों के मुद्दे पर मंथन हुआ। इनमें आतंकी समूहों द्वारा इस्तेमाल की जानी वाली एन्क्रिप्टेड संचार ऐप्स और अन्य नई तकनीकों के गलत इस्तेमाल से पैदा हुई चुनौतियों पर बात हुई। साथ ही भीड़ प्रबंधन, निर्जन द्वीपों की सुरक्षा के मुद्दे पर मंथन हुआ।आतंकवाद के वित्तपोषण से मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। गृह मंत्री ने आतंकवादी और तस्करी गतिविधियों में शामिल भगोड़ों को वापस लाने के लिए कड़े उपाय करने के भी निर्देश दिए, जिसमें केंद्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने, आतंकवाद-अपराधी के घरेलू गठजोड़ को तोड़ने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय ने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि पुलिस संगठनों द्वारा केवल स्वदेशी तकनीक का ही उपयोग किया जाए।सम्मेलन के दूसरे दिन नागरिक उड्डयन और बंदरगाह सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध, वामपंथी उग्रवाद और मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के मुद्दे पर केंद्रित होगा। इस बैठक में भाग लेने वाले वरिष्ठ अधिकारियों में, केंद्रीय गृह सचिव, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों व केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल रहे। साल 2016 में डीजीएसपी और आईजीएसपी सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन आयोजित करने का निर्देश दिया था, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों के अनुभव के माध्यम से और क्षेत्र विशेषज्ञों के सहयोग से प्रमुख राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का समाधान खोजना था। प्रधानमंत्री के निर्देशों के तहत साल 2021 से सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है।

लोकसभा में बेहतर काम के लिए मिला सम्मान, संसद रत्न पुरस्कार से नवाजे गए रवि किशन समेत 17 सांसद

संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। इस बार 17 सांसदों को यह पुरस्कार दिया गया है। संसद रत्न पुरस्कार पाने वालों में गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन, एनसीपी शरद की सुप्रिया सुले, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के सांसद अरविंद सावंत समेत 17 सांसद शामिल हैं।वहीं तीन कार्यकालों में संसदीय लोकतंत्र में निरंतर योगदान देने वाले चार सांसदों को चार विशेष जूरी पुरस्कार दिए गए। इसमें ओडिशा से भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल के सांसद एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद की सांसद सुप्रिया सुले, शिवसेना सांसद श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। संसद रत्न पुरस्कार पाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरन महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। संसदीय समिति को भी मिला सम्मान संसदीय समिति श्रेणी में भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्टों की गुणवत्ता तथा विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कांग्रेस की "पीडीए पाठशाला", अखिलेश यादव ने सरकार पर साधा निशाना

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सपा नेताओं ने पीडीए पाठशाला शुरू कर दी है। इन पाठशाला में गांव को बच्चों को बुलाकर पढ़ाया गया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में कहा था कि पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों की पढ़ाई कराने का काम किया जाएगा।

अखिलेश ने अपील की थी कि समाजवादी साथी उन गांवों में टीम बनाएं जहां स्कूल बंद हो रहे हैं। उन्होंने पढ़े-लिखे नौजवानों, पार्टी समर्थकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों से अपील की है

कि वे पीडीए पाठशाला बनाकर बच्चों को पढ़ाएं और उनका भविष्य संवारें। इसी कड़ी में तहसील क्षेत्र के भादर ब्लॉक के स्माइलपुर ग्रामसभा के रायपुर गांव में सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में एक पेड़ के नीचे पीडीए पाठशाला लगाई गई। जहां आसपास के गांव के बच्चों को एकजुट होकर पढ़ाया गया। अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। समाजवादी सरकार बनने पर बंद किए गए स्कूलों को और बेहतर तरीके से पुनः खोला जाएगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह बुनियादी और प्राथमिक शिक्षा को खत्म करने की साजिश रच रही है ताकि गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर किया जा सके।

मायावती ने राहुल गांधी के बयान पर किया पलटवार, बोलीं- कांग्रेस ओबीसी की विश्वासपात्र पार्टी नहीं

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि ओबीसी के मामले में कांग्रेस और एनडीए विश्वासपात्र दल नहीं हैं। कांग्रेस के दिल में कुछ है और जुबान पर कुछ है।बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस ओबीसी समाज की विश्वासपात्र पार्टी नहीं है। कांग्रेस के दिल में कुछ है जुबान पर कुछ है। उन्होंने कहा कि एनडीए का भी ओबीसी के प्रति यही हाल है। मायावती के बयान को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान के संदर्भ में देखा जा रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में रहते हुए जाति जनगणना न करवाना कांग्रेस की गलती थी। आगे उन्होंने ये भी कहा था कि जो काम ओबीसी के लिए अब तक नहीं कर पाया उसे दोगुनी स्पीड से करूंगा।मायावती ने बयान दिया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उन्हें उनका संवैधानिक हक़ दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ और जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है। वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से जगजाहिर है जैसाकि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी/एसटी समाज के प्रति कांग्रेस पार्टी का ऐसा ही दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण रवैया लगातार रहा है और जिस कारण ही इन वर्गों के लोगों को फिर अन्ततः अपने आत्मसम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने की ललक के कारण अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी है।कुल मिलाकर इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस पार्टी यूपी सहित देश के प्रमुख राज्यों की सत्ता से लगातार बाहर है और अब सत्ता गंवाने के बाद इन्हें इन वर्गों की याद आने लगी है जिसे इनकी नीयत व नीति में हमेशा खोट रहने की वजह से घड़ियाली आंसू नहीं तो और क्या कहा जाएगा, जबकि वर्तमान हालात में बीजेपी के एनडीए का भी इन वर्गों के प्रति दोहरे चरित्र वाला यही चाल-ढाल लगता है। उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी एससी/एसटी वर्गों को आरक्षण का सही से लाभ व संविधान निर्माता परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं करने तथा देश की आजादी के बाद लगभग 40 वर्षों तक ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा नहीं देने तथा सरकारी नौकरियों में इनके पदों को नहीं भरकर उनका भारी बैकलॉग रखने आदि के जातिवादी रवैयों को भला कौन भुला सकता है, जो कि इनका यह अनुचित जातिवादी रवैया अभी भी जारी है। इतना ही नहीं बल्कि इन सभी जातिवादी पार्टियों ने आपस में मिलकर एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण को किसी ना किसी बहाने से एक प्रकार से निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी ही बना दिया है। इस प्रकार दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़ों के बहुजन समाज को सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक तौर पर गुलाम व लाचार बनाए रखने के मामलों में सभी जातिवादी पार्टियां हमेशा से एक ही थैली के चट्टे-बट्टे रहे हैं। जबकि अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी सदा ही इन वर्गों की सच्ची हितैषी रही है और यूपी में चार बार बसपा के नेतृत्व में रही सरकार में सर्वसमाज के गरीबों, मजलूमों के साथ-साथ बहुजन समाज के सभी लोगों के जानमाल व मजहब की सुरक्षा व सम्मान तथा इनके हित एवं कल्याण की भी पूरी गारंटी रही है। अर्थात् देश के बहुजनों का हित केवल बीएसपी की आयरन गारंटी में ही निहित है।

संपादकीय Editorial

Why no debate in Parliament?

There will be no debate on Special Intensive Revision (SIR) of Voter Lists in Parliament. This is a matter of Election Commission, not Government of India. Election Commission is a constitutional institution, hence Parliament cannot interfere in its actions and decisions. The Supreme Court is neither Parliament nor Supreme Court, but the Constitution. Government will not allow this wrong tradition to start in Parliament. In this way, the government has snatched an important issue from the opposition. Will the opposition sit quietly and let the proceedings of Parliament continue after this decision of Modi government? This situation is not so easy. Election Commission has made it clear by announcing that SIR will not be limited to Bihar, but will also be done in the states of West Bengal, Tamil Nadu, Kerala and Assam. Assembly elections are to be held in these states in 2026. Only Assam has BJP government. The remaining states have governments of opposition parties. They have become alert from now and want to make SIR a national issue, hence they are in favour of debate in Parliament, but the government wants to suppress this issue here itself. Its argument is that constitutional institutions cannot be dragged into Parliament. If such a tradition is started, it will be against the basic spirit of the Constitution, but the opposition is adamant. Its first demand was that the opposition wants answers from Prime Minister Modi on the issues of Pahalgam massacre, Operation Sindoor, ceasefire and US President Trump's claim 25 times that he stopped the war between India and Pakistan. The debate on this will take place on Monday and Tuesday and 16 hours each have been allotted to both the houses. The second important issue is that of SIR, because assembly elections are to be held in Bihar in 3-4 months. Anyway, three days of the monsoon session of Parliament have been washed away due to the uproar and sloganeering by the opposition. It is worth noting that Rs 2.5 lakh is spent on one minute of proceedings of Parliament. That means the expenditure per hour is Rs 1.5 crore. If the proceedings of the House last for an average of 8 hours, then Rs 12 crore will be spent. Assume an average expenditure of Rs 36 crore for three days. There are about 80 crore people in the country whose annual income is not even Rs 2.5 lakh. Nearly 60 percent of Indians are incapable of earning even Rs 2.5 lakh annually. We are not even talking about those living below the poverty line. There are many contradictions in their data. Two images of economic inequality are in front of the country. If our honorable MPs keep their daily allowance and salary safe and in the name of work they only create ruckus, noise and sloganeering in the House, then this will be an unjust and unequal treatment of the common citizens of the country. Why can't the formula of 'no work, no pay' be applied to MPs? Actually, no government has made this law. In the Lok Sabha, Speaker Om Birla even had to comment that you should not behave like a road in Parliament. The country is watching you. You are an elected MP. In the House itself, Agriculture Minister Shivraj Singh Chauhan pleads with folded hands and pleads with the opposition to let the problems of farmers be discussed. He should also raise issues related to farmers, but the opposition MPs went to the 'well' and waved black clothes. They even made statements that elections are stolen in India. Is the most sacred and dignified platform of Parliament meant for such politics? Now there will be no debate on SIR in Parliament, but on the other hand, Leader of Opposition in Bihar Assembly Tejashwi Yadav has threatened to boycott the elections. This is the situation when this matter is under consideration of the Supreme Court and its decision is yet to come.

India brings neighbours back on track, PM Modi's visit to Maldives is a strong expression of 'Neighbourhood First' policy

Prime Minister Narendra Modi will visit Maldives on 25 and 26 July where he will be the guest of honour at the 60th Independence Day celebrations. This is the first state visit during the reign of President Muizzu. India has provided development assistance of Rs 600 crore to Maldives and helped it in the economic crisis. Prime Minister Narendra Modi will be on an important visit to Maldives on 25 and 26 July. Modi is not only the guest of honour at the 60th Independence Day of this archipelago, which is considered strategically important, but is also the first foreign leader to make a state visit there during the reign of current President Mohammed Muizzu. On the basis of symbolic and concrete criteria, this is a milestone in India's 'Neighbour First' foreign policy, which can be considered an example of the mature diplomacy of the Modi government. It is not a coincidence that Muizzu, who once sang the anti-India tune, is today rolling out the red carpet to welcome Modi. This change is the result of a big power like India dealing with a small neighbouring country patiently and skilfully. At the beginning of Muizzu's tenure, his supporters made objectionable comments on India and presented India as a colonial power in Maldives, but India did not take any formal retaliatory action on such statements. Otherwise bilateral relations would have deteriorated further. Even amidst adverse signals from Maldives, India increased the development assistance amount of this neighbouring country from Rs 470 crore to Rs 600 crore. Apart from this, two types of currency exchange arrangements were also made, under which Rs 3,000 crore along with $40 crore were made available to Maldives. These provisions helped it in improving its shaky economic condition and reducing the burden of debt. India was the only country to rescue the suffering Maldives in times of crisis. Whereas China, which Muizzu admired, did not give him any concession. It is also a fact that Maldives' problems increased only because it got trapped in the trap of Chinese debt. Realising the pitiable condition of Maldives, India proved through its generosity that India is a big-hearted neighbour, who not only helps in natural disasters but also has the intention and capability to get rid of national crises. India had rescued Sri Lanka from similar circumstances in 2022. Sri Lanka, which was groaning under the burden of Chinese debt, was then provided emergency aid of about four billion dollars. As a result of this, today the ruling Janatha Vimukthi Peramuna in Sri Lanka, which was formerly an anti-India party, sees India as a close friend. Today the government there is not ready to be a part of Chinese conspiracies against India in the Indian Ocean. Such exercises may seem as if India is seeking loyalty towards itself in exchange for monetary aid or is defeating China in South Asia in the game of financial diplomacy. However, it is not only economic generosity that has made small countries like Maldives and Sri Lanka realise that India is indispensable for their future. In October 2024, India and Maldives presented the vision of 'Comprehensive Economic and Maritime Security Partnership' and under it, defence cooperation has expanded. Today, joint naval exercises, maritime domain awareness, training of Maldivian soldiers by India and providing ships to Maldives, etc. are actively continuing. Despite this, it cannot be ignored that in the name of domestic political factors and 'balanced foreign policy', India's smaller neighbours from time to time extend a hand of friendship to China or other external powers and India cannot block such tactics. All that is in India's hands is to pay sympathetic attention to smaller countries, avoid insulting these neighbours publicly and offer such options which are more reliable than China and are consultative rather than directive. It is not appropriate to trumpet the positive transformation of Muizzu as China's defeat and India's victory or to teach a lesson to Maldives or to take down its arrogance. Countries like China, Russia and Britain have overtaken India in tourism, a major source of livelihood for the people of Maldives. After Modi's visit to Maldives, India can once again become the top tourist destination in Maldives. People-to-people contact and cultural exchange through tourism only strengthen diplomatic relations. India's contribution in the field of education, health and even sports in Maldives is increasing and this is the real guarantee that whether the government changes or remains in power, India's influence will continue. Foreign policy cannot succeed on the basis of angry reactions or haste. In the context of neighboring countries, geography is not chosen, but it is predetermined. Therefore, India adopted a calm, restrained and sensitive attitude to maintain its influence and only then the situation in Maldives has changed in the last one and a half years. We should be proud of this achievement of the Modi government and should hope for similar sensible diplomacy in the future.

A humiliating decision, the High Court's decision on the Mumbai train blasts

The decision of the Bombay High Court is deeply painful and disappointing for the families of the 190 people killed in the blasts in local trains and for the more than 800 injured and their close ones. The government system is humiliating the people of the country. It is digging into their wounds. Shame on them. It would be better if those who are fighting over the decision of the High Court refrain from cheap and anti-national politics. It is very shocking, worrying and disappointing that the Bombay High Court acquitted all the 12 accused of carrying out the massive bomb blasts in seven local trains of Mumbai in 2006. While acquitting all of them, it also commented that the prosecution completely failed to prove the guilt. In a way, it put it in the dock, whereas the trial court had sentenced five of these 12 to death and seven to life imprisonment in 2015. It should also be kept in mind that this horrific terrorist incident was investigated by Maharashtra's Anti-Terrorism Squad (ATS). Even if we assume that the High Court's conclusion is correct, then what does it mean that it took so many years to give its verdict on the trial court's verdict. This is not just delay, but also injustice. If our judicial system moves forward at such a slow pace in the most serious cases of terrorism, then it cannot be claimed that India is dealing with terrorism strictly. This strictness is not seen in the judicial system. This has been happening in the past as well. How long will this continue? It has also been seen that it took a lot of time for the High Court to decide the verdicts of the lower courts and the Supreme Court to settle its verdicts. Even now, many big cases of terrorism are pending in the High Court and the Supreme Court. We cannot fight terrorism in this way. The world community can also raise the question that why are India's investigative agencies and judicial system not alert and active even in serious cases of terrorism? The sluggishness of the police, investigative agencies and the judicial process has already proved very costly. Terrorists and their sympathizers are directly benefiting from this lethargy. It was believed that this lethargy would go away with time, but prompt and correct investigation of terrorism cases and their timely judicial settlement still remains a distant dream. It is a matter of regret and shame that despite being a victim of terrorism, India does not seem to be effectively combating it at all levels. The decision of the Bombay High Court is deeply painful and disappointing for the relatives of about 190 people killed in the explosion in local trains and more than 800 injured and their close ones. The government system is insulting the people of the country. It is scratching their wounds. Shame on them. It would be better if those who are quarreling over the decision of the High Court refrain from cheap and anti-national politics. There are many leaders who do vote bank politics even in such cases.

Confusing language policy, double insult to Hindi and growing dominance of English

The real official language in India is English. For political reasons, a farce is being spread by calling Hindi the 'official language'. This is also the reason why Marathi, Tamil or other regional leaders keep attacking Hindi. Hindi is being insulted twice for no reason. In comparison, the language policy during the British Raj was relatively transparent and realistic. The language of governance was English but only for itself. The country's large education and culture sectors were autonomous. Indian intellectuals are busy fighting and entangled in any issue, indifferent to the concern for its solution. The same arguments have been heard for decades on many issues, but the situation of the issue remains the same or keeps worsening. Language policy is an example of this. Right now most of the controversy is centered on condemning the Thackeray brothers. Some time ago, more energy was spent in disgracing Tamil leader Stalin, while there has been indifference towards what India's language policy was made and what it became in the last eight decades. The Thackeray brothers recently came on the political stage. They have little influence in only one state, but what was there before that? The truth is that the language policy of independent India has been a rudderless boat from the beginning. Officially, Hindi is the 'official language', but in practice, only English has gained ground in every field. This is the result of policies that were not made by any non-Hindi leader. The gradual displacement of all Indian languages, including Hindi, by English is not the result of any Tamil or Marathi politics, but no one is thinking about it. From the time of the constitution, a lot has been decided under the direction of North Indian, mainly Hindi-speaking leaders, but the results of the language policy made by them have never been reviewed, for what purpose was it made and what were the results? It is useless to blame any one leader or party for the confusing language policy. The entire Indian leadership and intellectual class has been both the cause and victim of the confusion on the language policy. Also unable and unwilling to resolve it. Today, it can be seen even in small towns of the country that the language of progressive education, employment and business is English. Those who do not know English can also be working and administrators, but to a limited extent. Anyone who wishes to increase his intellectual and creative capacity, which is a natural human aspiration, will fail without proficiency in English. Even if an Indian knows only English and cannot write a single note in any Indian language, he will not have difficulty in progressing. This is not the case in any other important country of the world. In India, the real official language is English. A farce is being spread by calling Hindi the 'official language' for political reasons. This is also the reason why Marathi, Tamil or other regional leaders keep attacking Hindi. Hindi is unnecessarily insulted twice. In comparison, the language policy during the British Raj was relatively transparent and realistic. The language of governance was English, but only for itself. The large education and culture sectors of the country were autonomous. There was no government interference in it. Scholars of every subject decided the content and rules of its teaching.

मुठभेड़ में पंखिया गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

मुरादाबाद- जिले में लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले कुख्यात पंखिया गैंग के तीन शातिर बदमाशों को सिविल लाइंस पुलिस ने शुक्रवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली लगी है। जबकि दो अन्य को घेराबंदी कर दबोचा गया। गैंग के दो सदस्य मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के बदमाशों का यह गिरोह मुरादाबाद, रामपुर समेत कई जिलों में अब तक 11 से अधिक लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गैंग के सदस्य थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर में चोरी की फिराक में हैं। इस पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की। मुठभेड़ के दौरान इशापुर निगोही शाहजहांपुर निवासी मंगल सिंह के पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस ने घायल अवस्था में दबोच लिया।

उसके दो साथी कृष्ण कुमार उर्फ अंडू व अशोक कुमार को मौके से भागते समय पकड़ लिया गया। जबकि इनके दो साथी सुरेश निवासी व गिरधान निवासी रमपुरा थाना पंसगंवा जनपद लखीमपुर खीरी फरार हो गए। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस को एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस, दो अवैध चाकू, एक एसबीआई बैंक का चेक व एक हजार रुपए की पुरानी करेंसी, एक बैग जिसमें चोरी और लूट में प्रयुक्त उपकरण, 60,300 नकद और सफेद-पीली धातु के आभूषण व बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एसपी सिटी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना, थाना सिविल लाइंस, उपनिरीक्षक सुनील राठी (चौकी प्रभारी अगवानपुर), उपनिरीक्षक अनुज कुमार, मोहित शर्मा, हेड कांस्टेबल अंकुल कुमार, उदय प्रताप, अमित, सुशील मावी, कांस्टेबल टिंकू कुमार, कुलदीप कुमार, अकुश, राजेश कुमार।

सात हजार बच्चों के नहीं बने आधार कार्ड, योजनाओं के लाभ से वंचित

दो महीने पहले बीईओ को भेजी जा चुकी है आधार कार्ड बनवाने के लिए मशीन

मुरादाबाद- बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ने वाले 7 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अब तक आधार कार्ड से वंचित हैं। कार्ड न बनने से योजनाओं का लाभ इन बच्चों को नहीं मिल रहा है। उनका शैक्षिक रिकॉर्ड अपडेट नहीं हो पा रहा है। जिससे इन्हें ड्रेस, पुस्तकें, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बीएसए का कहना है किबीईओ को आधार कार्ड बनवाने के लिए मशीन दो महीने पहले उपलब्ध कराई जा चुकी है। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में पढ़ने वाले 7 हजार से अधिक बच्चों का आधार कार्ड न होने के कारण उनका डाटा ऑनलाइन फीड नहीं हो पा रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के न तो आधार कार्ड बने हैं और न ही अधिकांश के पास जन्म प्रमाण पत्र है। जिससे उन्हें सरकार से मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बड़ी संख्या में बच्चे बिना ड्रेस के स्कूल जा रहे हैं। बच्चों का आधार कार्ड न होने के कारण विभाग द्वारा संचालित कई योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। ड्रेस, जूते-मोजे और स्टेशनरी की आपूर्ति के लिए आधार लिंक बैंक खाता जरूरी है। जिससे डीबीटी के तहत खातों में राशि भेजने में भी दिक्कत हो रही है। कई बच्चों को मिड-डे मील पोर्टल पर भी अपडेट नहीं किया जा सका है। एक दूसरे पर थोप रहे लापरवाही- बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि बीईओ को प्रत्येक खंड पर दो आधार कार्ड बनाने की मशीन दे दी गई। वहीं खंड शिक्षा की ओर से की जा रही लापरवाही का जिक्र करते हुए उन्होंने एडी बेसिक पर इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त न करने का दोष मढ़ा। बताया कि 15 दिन पहले पत्र लिखा था लेकिन अभी तक नोडल अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया। वहीं एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने बताया कि नोडल अधिकारी बनाने य देर से बनाने का कार्ड न बनाए जाने से कोई संबंध नहीं है। आधार कार्ड बीएसए के स्तर से बीईओ को बनाने है। नोडल केवल उनके किए कार्य को देखने और कार्य समय से पूरा कराने के लिए हैं। बीएसए यह बात कह अपने स्तर पर की गई लापरवाही को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं।

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर 98 किलो गांजा पकड़ा...कीमत 45 लाख, दिल्ली और बंगाल के चार तस्कर गिरफ्तार

मुरादाबाद- जीआरपी मुरादाबाद ने रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान गांजा तस्करी के मामले में चार तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में दिल्ली के तीन युवक और पश्चिम बंगाल की एक युवती शामिल है। आरोपियों ने बताया कि वह गांजा सस्ते दामों पर लाकर मुरादाबाद में ऊंचे दामों पर बेचते थे। जीआरपी मुरादाबाद ने रेलवे स्टेशन से चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 98 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 45 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी दिल्ली और पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर मुरादाबाद में महंगे दामों पर बेचते थे।चेकिंग के दौरान हुए गिरफ्तार 25 जुलाई की रात जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चार संदिग्धों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके बैगों में गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जीआरपी थाने लाया गया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।गांजा तस्करी करने वाले आरोपी दिल्ली के गिरफ्तार आरोपियों में तीन युवक अजय कुमार (23), सोनू कुमार (22) और कपिल चंद (22) दिल्ली के किशनगढ़ बस्ती कुंज के रहने वाले हैं। चौथी आरोपी पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के नवाकगांव निवासी आधूरी राय (20) है। चारों गांजा लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और सप्लाई की तैयारी में थे। बैगों में भरा था गांजा- अजय कुमार के दो बैगों से 18.600 किलो और 17.600 किलो गांजा बरामद हुआ। सोनू कुमार के बैग से 21 किलो गांजा मिला। कपिल चंद के पास से 20.900 किलो गांजा, एक मोबाइल और 700 रुपये नकद बरामद हुए। आधूरी राय के बैग से 20.800 किलो गांजा और एक मोबाइल फोन मिला। कुल मिलाकर चारों के पास से 98 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में कबूला अपराध- पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दूसरे राज्यों से गांजा लाकर मुरादाबाद में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचते हैं। इससे उन्हें अच्छा लाभ होता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। सभी को भेजा जेल- चारों आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी संबंधित थानों से जुटाई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इस गिरोह की गिरफ्तारी से रेलवे स्टेशन क्षेत्र में नशे की तस्करी पर बड़ा अंकुश लगेगा।

मुरादाबाद में डबल मर्डर: युवक ने दो दोस्तों को चाकू से गोदकर मार डाला, शराब पीकर पैसों को लेकर हुआ विवाद

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में शराब पीने के बाद पैसों को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दो दोस्तों को चाकू से गोद दिया। इसमें दोनों की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी में सारिक ने अपने दोस्त शाहनवाज उर्फ बबलू और जुनैद की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शराब पीने के बाद दोनों के बीच रुपयों को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी सारिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।गलशहीद के असातलपुरा निवासी फईम ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे उसके भाई शाहनवाज उर्फ बबलू को असातलपुरा के ही निवासी जुनैद और सारिक अपने साथ बुलाकर ले गए थे। गुलाबबाड़ी चुंगी पर शराब के ठेके पर शराब पीने के बाद सारिक ने शाहनवाज और जुनैद से रुपयों को लेकर विवाद किया।इसके बाद आरोपी ने शाहनवाज और जुनैद पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में शाहनवाज की मौके पर ही मौत जबकि जुनैद गंभीर रूप घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर शाहनवाज और जुनैद के परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने जुनैद को जिला अस्पताल भिजवा दिया। जहां जुनैद (30) की भी मौत हो गई। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि सारिक के खिलाफ

संक्षिप्त समाचार

साधु-संतों की वेशभूषा में डाला अश्लील वीडियो... चर्चित यूट्यूबर गिरफ्तार

मुरादाबाद- थाना क्षेत्र में साधु-संतों की वेशभूषा पहनकर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा व अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए वीडियो पोस्ट करने वाले यूट्यूबर आमिर के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। हिंदू संगठनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नगर पंचायत पाकबड़ा के हाशमपुर चौराहे निवासी आमिर पुत्र शकील द्वारा टीआरटी नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो डाला गया था। इस वीडियो में वह साधु-संतों की तरह वेश धारण कर गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करता दिखाई दिया। वायरल वीडियो से संगठनों में रोष फैल गया। भाजपा कार्यकर्ता अमन ठाकुर ने दो दिन पूर्व इस मामले को लेकर ट्वीट किया था। ट्वीट के बाद करणी सेना व बजरंग दल के कार्यकर्ता दीपक कश्यप, राजीव ठाकुर, राहुल कुमार और सचिन ने मिलकर थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि इससे धार्मिक सौहार्द बिगड़ सकता है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सरकारी स्कूल के शौचालय में कोबरा सांप दिखने से हड़कंप

मुरादाबाद- रामपुर- बारिश के मौसम में जगह-जगह सांप निकलने से लोग दहशत में हैं। शनिवार सुबह रामपुर के एक सरकारी स्कूल के शौचालय में कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। बच्चों ने शोल मचाना शुरू किया। किसी तरह सांप को निकाला गया। तब जाकर राहत की सांस ली गई। मामला रामपुर के प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज शुमाली का है। जहां शनिवार सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे तो शौचालय में बच्चों ने कोबरा देखा। सांप दिखते ही बच्चों की चीख निकल गई। बच्चों की चीखपुकार सुनकर स्कूल का स्टॉफ भी मौके की ओर दौड़ पड़ा। गांव के लोग भी शोर शराबा सुनकर स्कूल में आ गए। काफी मेहनत के बाद सांप को शौचालय से निकालकर जंगल की ओर भगा दिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

पतंगबाजी पड़ी जान पर भारी...छत से गिरकर युवक की मौत

मुरादाबाद- नगर के युवक की उत्तराखंड के हल्द्वानी में छत से पतंग उड़ाते समय मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी हामिद पुत्र जाहिद अली 30 उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित मलिक के बगीचे में किराये के मकान पर रहता था, गुरुवार को छत पर पतंग उडाने के लिए गया था। तभी अचानक पतंग उड़ाते समय संतुलन बिगड़ने के कारण वह छत से घर की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण बुरी तरह घायल हो गया था। अधिक खून बह जाने से युवक नें मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों नें युवक के गिरने की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले से परिवार को अवगत कराकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि हामिद हल्द्वानी में ऑटो रिक्शा चलाता था। मृतक की शादी दो साल पहले हुई थी। उसके एक लड़की भी है। हामिद के गिरने की खबर आई तो परिवार में कोहराम मच गया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सीडीपीओ अनीता चौधरी ने कार्यकत्री के माध्यम से कराया गर्भवती महिलाओं से वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच/ पीलीभीत / शनिवार मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खाग पुरवा में सीडीपीओ अनीता चौधरी ने कार्यकत्री विद्यावती और पुष्पा देवी के माध्यम से लगभग 20 गर्भवती महिलाओं से पौधा रोपण कराया गया। वृक्षारोपण के माध्यम से समाज में एक अच्छा संदेश देकर लोगों को जागरूक किया की वृक्ष जीवन का अनमोल हिस्सा है वृक्षों के बिना इंसान का जीवन अधूरा है गर्भवती महिलाओं ने सहजन के पौधे लगाकर खुशियां जाहिर की। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ष्ठह्लष्ट मीटिंग के द्वारा बताया गया की सहजन का पेड़ बहुत ही गुडकारी होता है इस पेड़ की गुणवत्ता की बहुत ही बड़ी शान है इसके अलावा इन पौधों को गर्भवती महिलाओं से लगवाने का निर्देश दिया जिसके माध्यम से 20 गर्भवती महिलाओं से पौधारोपण कराया गया पौधारोपण करने के दौरान शपथ दिलाई गई कि जिस तरह से महिलाएं अपने गर्भ में पल रहे बच्चों की सेवा और सुरक्षा करने की जिम्मेदारी लेते हैं ठीक उसी तरह से इन पौधों की भी सभी महिलाओं ने सुरक्षा और सेवा करने का आश्वासन देकर कहा कि इस पौधों की गर्भ में पल रहे बच्चों की तरह सेवा और सुरक्षा करेंगे। वृक्ष लगाने के दौरान सहजन की खूबियों को भी बताया उन्होंने कहा कि सहजन की पत्तियों को दाल, हरी सब्जी में धनिया की तरह डालकर प्रयोग करने से बहुत ही उपयोगी जड़ी बूटी की तरह कार्य करता है जिससे रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है सहजन की फलियां, पत्तियां, और फूल सभी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट शामिल हैं। सहजन रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे मधुमेह रोगियों के लिए यह फायदेमंद है जड़ी बूटी की भांति कार्य करता है। इसके अलावा सहजन में सूजन-रोधी गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

न्यूरिया के गांव अलीगंज से कावड़ यात्रा पर जाने से पहले पूजा कराते पुजारी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पीलीभीत / न्यूरिया के गांव अलीगंज से श्रवण मास के पावन वेला मे नगर कि गलियों और मंदिरो मे भोलेनाथ कि भक्ति कि गूंज सुनाई दे रही है शनिवार को पंच प्रयाग आश्रम से बम बम भोले के जयकारों के साथ 70से 80शिव भक्तो का जत्था डाक कावड़ से गंगा जल लेने कि यात्रा शुरू कि पंच प्रयाग आश्रम से विदा होते समय शिव भक्तो को सुभकामनाये देने के लिए भारी संख्या मे महिलाए और पुरुष इकट्ठे हुए

और बहिनो ने भक्तो को तिलक लगाकर मंगल यात्रा कि कामना कि पुजारी रोहित पाण्डेय ने बतया कि शिवभक्त कछला से गंगा जल लेकर सोमवार को बापस लौटेंगे और पंच प्रयाग आश्रम मे जलाभिषेक करेंगे कावड़ यात्रा मे प्रस्थान करने बाले शिव भक्त महंत तुलसी दास कपूरी महंत जानकी प्रसाद ओमप्रकाश भोले सुरेश भोले गुड्डू भोले अजय भोले ओपी भोले सूरज भोले राजीव भोले निहाल भोले दुर्गाप्रसाद भोले आदि साथ गए गांव के सभी गांव वासियो ने महा मे सभी शिव भक्तो को कछला से गंगा जल लाने कि शुभकामनायें दी

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

न्यूरिया के गांव मेवातपूर मे बघिन कि दहशत को लेकर चर्चा करते ग्रामीण

क्यूँ न लिखूँ सच/ पीलीभीत / न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव मेवातपुर मे अभी भी जंगली जानवरो से डरे हुए है जबकि खुनी बघिन अभी दो दिन पहले गांव डंडिया से पकड़ी गयी है लेकिन उस बघिन से पकड़ने से गांव मेवातपुर के ग्रामीणों का नहीं निकला है डर गांव के ही किसान मुकेश को नो जून को बघिन ने अपना शिकार बनया था और उअके बाद गांव कि ही जगदेवी को बीस जुलाई को घ्याल किया था उसके बाद ग्रामीणों मे दहशत का महोल था लेकिन अब खुनी बघिन पकड़ी गयी है फिर भी खेतो पर जाने से डर रहे है ग्रामीण गांव के लोगो का कहना है कि हमारा गांव जंगल के करीव है और जंगल कि तार फेसिंग टूटी है किया पता कब कहाँ से कोई जंगली जानवर ने अजय इसी बजह से किसान अकेले खेत पर नहीं जा रहे है और गांव मे जंगली जानवरो का डर हर समय सताता रहता है खुनी बघिन के पकड़ने से कुछ हद तक ग्रामीणों ने राहत कि सास ली है लेकिन मेवातपुर के ग्रामीणों मे अभी भी दहशत का महोल देखने को मिला है

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल से इंटेल ने स्थापित की इंडिया एआई डाटा लैब



क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / केंद्रीय राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद की पहल व दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप जनपद में इंटेल द्वारा इंडिया आई डाटा लैब की स्थापना की। यह लैब स्थानीय लोगों को एआई कौशल से सक्षम बनाने और उन्हें अपनी विशिष्ट चुनौतियां के अनुरूप समाधान विकसित करने हेतु सशक्त बनाने की एक अग्रणी पहल है। कस्बा पूरनपुर के पकड़िया तिराहे पर इंटेल द्वारा एक स्थानीय सामुदायिक केंद्र में इंडिया एआई डाटा लैब स्थापित की। यहां बच्चों को साइबर अपराध से सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह लब संसाधनों और अवसरों तक महत्वपूर्ण पहुंच प्रदान करेगी। जिसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों, छात्रों और उद्यमियों को उभरते तकनीक कौशल से सशक्त बनाना। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शासन में जमीनी स्तर पर नवाचार को गति देना। ऐसी क्षमताएं निर्मित करना जो नागरिकों को एआई संचालित दुनिया में फलने-फूलने में सक्षम बनाएं। जिससें एक डिजिटल रूप में समावेशी और आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाया जा सके। केंद्रीय राज्य मंत्री व स्थानीय सांसद जितेंद्र प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ङ्क) पर इंटेल को इंडिया आई डाटा लैब के निर्माण में अमूल समर्थन और साझेदारी के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी के लिए एआई का संकल्प इस पहल के साझा मूल्य और सार्वजनिक निजी सहयोग की शक्ति का उदाहरण है। जिसमें गैर-तकनीकी दर्शकों को तकनीक का जिम्मेदारी और प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल, मानसिकता और उपकरणों से लैस करके एआई को मानव समुदायों के और करीब लाना है। नगर पालिकाध्यक्ष पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद की पहल से इंडिया एआई डाटा लैब स्थापित की गई है। जिसमें स्थानीय युवाओं, छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा।जिससे पूरनपुर एआई और डिजिटल इंडिया की नई पहचान बनेगा।

हरियाली तीज पर मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, आराध्या गंगवार रहीं प्रथम

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिठौरा। नगर के पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में शनिवार को हरियाली तीज पर्व के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आराध्या गंगवार प्रथम, फराह ख़ानम द्वितीय, तनिष शंखधार तृतीय स्थान पर रहीं।सभी विजेता छात्राओं को प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने सम्मानित किया।इस दौरान शिक्षक राजेंद्र सक्सेना, दीपिका बनर्जी, प्रज्ञा गुप्ता, सुलभ अग्रवाल, यासीन, ममता शंखधार, शीतल साहू, रूबी गंगवार, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

बाल पुष्टाहार कार्यालय बना सेलिब्रेशन स्पॉट मनाई बर्थडे पार्टी, CDPO अनीता चौधरी बोलीं - हमने क्या गलत किया?

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / मरौरी ब्लॉक में स्थित बाल पुष्टाहार कार्यालय सेलिब्रेशन स्पॉट बन गया जहाँ बर्थडे पार्टी का आयोजन किया जा रहा हैं। सरकारी दफ्तर को गुब्बारों से सजाकर केक काटा जा रहा है और बाकायदा तोहफे भी दिए जा रहे हैं। आमतौर यहां पोषण और बाल विकास से जुड़ी योजनाओं पर कार्य किया जाता है।

बर्थडे पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही सीडीपीओ अनीता चौधरी सफाई देती हुई नजर आई। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व अपने बेटे का जन्मदिन घर पर मनाया था। और उसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की थी। जिसको देखकर बसंतापुर की आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने मुझे बताया कि उसके माता-पिता होते तो वह भी अपना जन्मदिन इसी प्रकार मनाती। वह मुझे अपनी मां की तरह मानती है। इसलिए हम सभी ने इसका बर्थडे सेलिब्रेट किया। उन्होंने यह भी बताया कि हम तो हमेशा ही आंगनवाड़ी बहनों का जन्मदिन ऐसे ही मानते हैं। हमने क्या गलत किया? इसमें कुछ गलत नहीं हैं। वायरल हो रहे वीडियो में बाल पुष्टाहार कार्यालय किसी होटल या रेस्टोरेंट की तरह नजर आ रहा है। सरकारी कार्यालयों की मर्यादा और जनता के टैक्स के संचालित भवनों में निजी आयोजन कितने सही हैं, अब यह सवाल भी उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार इस कार्यालय में पहले भी चार बार आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं कर्मचारियों के जन्मदिन पार्टी का आयोजन किया गया है। सरकारी कार्यो के समय के बीच में इस प्रकार के निजी आयोजन सरकारी कार्यशैली और अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल सागुड़ी ने बताया कि ऐसा कोई भी मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा कुछ हुआ है तो जांच करके उचित विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति नगर पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर में हुई बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति नगर पंचयात न्यूरिया हुसैनपुर की बैठक मा0 नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि की अध्यक्षता में नगर पंचायत न्यूरिया हुसैन पुर के कार्यालय स्थित सभागार में आहूत की गयी। संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक द्वारा उपस्थित सभी वार्ड सभासदो का स्वागत किया गया। तत्पश्चात वार्ड बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना (सामन्य), निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल श्रम, बाल विवाह करने के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु की से कम की बलिका एवं 21 वर्ष की आयु से कम आयु के बालक का विवाह करना कानूनी अपराध है यदि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष की कम आयु के लड़के का विवाह हो रहा हो तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सभी वार्ड सभासदो को निर्देशित किया गया कि वह अपने कार्यों के साथ साथ नगर में जागरूकता कार्यक्रम कराएं जिससे सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। अन्त मे मा0 अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित सभी वार्ड मेंबर को आज की बैठक में धन्यवाद किया एवं कहा कि नगर पंचायत स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं में अधिक से अधिक आवेदन करवाएं । बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कर्मा , एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने गन्ना विकास परिषद बीसलपुर ईंट गांव एवं नबीनगर का किया भ्रमण

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत / खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा आज गन्ना विकास परिषद बीसलपुर के ग्राम ईंट गॉव एवं नवगवां नवीनगर का भ्रमण किया स भ्रमण के दौरान ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन का निरिक्षण किया स जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानो को बताया गया कि वर्तमान मे गन्ना किसानों को समिति की सदस्यता दिलाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान 30 सितम्बर 2025 तक चलेगा। इस अभियान मे सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति, गन्ना पर्वेक्षक, सभी चीनी मिलों के अधिकारियो एवं सहकारी गन्ना विकास समितियों के कर्मचारियों को लगाया गया है। सदस्य बनने के लिए किसानो को ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। यदि किसी किसान के पास एंड्राइड फोन नहीं है या कम पढ़ा लिखा है तो उसकी सहायता के लिए गन्ना विकास समितियों/चीनी मिलों पर किसान सहायता केंद्र स्थापित किये जायेगें। गन्ना समितियों के कर्मचारी किसान सहायता केंद्र पर किसानों का ऑनलाइन पंजीयन करेंगे।

